BCM SCHOOL BASANT AVENUE LDH.(9.8.24)
Assignment-3
class X Hindi M.M-15

1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- **3**

सफलता चाहने वाले मनुष्य का प्रथम कर्तव्य यह देखना है कि उसकी रुचि किन कार्यों की ओर अधिक है। यह बात गलत है कि हर कोई मनुष्य हर एक काम कर सकता है। लार्ड वेस्टरफील्ड स्वाभाविक प्रवृत्तियों के काम को अनावश्यक समझते थे और केवल परिश्रम को ही सफलता का आधार मानते थे। इसी सिद्धांत के अनुसार उन्होंने अपने बेटे स्टेनहोप को जो सुस्त ढीला-ढाला, असावधान था, सत्पुरुष बनाने का प्रयास किया। वर्षों परिश्रम करने के बाद भी लड़का ज्यों का त्यों रहा और जीवन-भर योग्य न बन सका। स्वाभाविक प्रवृत्तियों को जानना कठिन भी नहीं है। बचपन के कामों को देखकर बताया जा सकता है कि बच्चा किस प्रकार का मनुष्य होगा। प्रायः यह संभावना प्रबल होती है कि छोटी आयु में कविता करने वाला कवि, सेना बनाकर चलने सेनापति, भुट्टे चुराने वाला चोर-डाकू,पुर्जे कसने वाला मैकेनिक और विज्ञान में रुचि रखने वाला वैज्ञानिक बनेगा।जब यह बात विदित हो जाए कि बच्चे की रुचि किस काम की ओर है, तब यह करना चाहिए कि उसे उसी विषय की ऊँची शिक्षा दिलाई जाए। ऊँची शिक्षा प्राप्त करके मनुष्य अपने काम- धंधे में कम परिश्रम से अधिक सफल हो सकता है। जिनके काम-धंधे का पूर्ण प्रतिबिंब बचपन में नहीं दिखता, अपवाद ही हैं । प्रत्येक मनुष्य में एक विशेष कार्य को अच्छी तरह करने की शक्ति होती है। वह बड़ी दृढ़ और उत्कृष्ट होती है। वह देर तक नहीं छिपती। उसी के अनुकूल व्यवसाय चुनने से ही सफलता मिलती है। जीवन में यदि आपने सही कार्यक्षेत्र चुन लिया तो समझ लीजिए कि बहुत बड़ा काम कर लिया।

(1) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए।तत्पश्चात दिए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनिए|

कथन(A) : सफ़लता चाहने वाले मनुष्य को अपनी रुचि के कार्यों में उच्च शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए।

कारण (R):उच्च शिक्षा प्राप्त कर कोई भी व्यक्ति किसी भी कार्यक्षेत्र में सफ़ल हो सकता है।

क) कथन (A) सही है , कारण (R) गलत है।

ख) कथन (A) गलत है , कारण (R) सही है।

ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता।

घ) कथन (A) (R) और कारण (A) (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(2) बालक आगे चलकर कैसा मनुष्य बनेगा इसका अनुमान कैसे लगाया जा सकता है?

(3) सही कार्यक्षेत्र चुनने के क्या लाभ हैं ?

काव्यांश पर आधारित प्रश्न

2.. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

2.बादल, गरजो!
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित ललित, काले घुंघराले,
बाल कल्पना के-से पाले,
विद्युत-छबि उर में, कवि, नवजीवन वाले!
वज्र छिपा, नूतन कविता
फिर भर दो-
बादल, गरजो!

1.प्र०-'वज्र छिपा' का क्या तात्पर्य है **?**

क)बादलों के अंदर ही जल प्रलय छिपा है ।

ख)बादलों के अंदर ही चंद्रमा की चांदनी छपी है ।

ग)बादलों के अंदर ही बिजली के कड़क छिपी हुई है ।

घ)बादल बिजली के साथ कड़कते हैं।

2.प्र०-कवि ने बादलों को किस- किस नाम से पुकारा है**?**

3.प्र०-बादल का प्रतीकात्मक रूप क्या है**?**

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दो**:-(6)**
1:प्रश्न -लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएँ बताईं?
2:प्रश्न- परशुराम के क्रोध करने पर राम और लक्ष्मण की जो प्रतिक्रियाएँ हुईं उनके आधार पर दोनों के स्वभाव की विशेषताएँ अपने शब्दों में लिखिए।
3:प्रश्न- 'बहु धनुहि तोरी लरकाई'- यह किसने कहा और क्यों?
4.निम्नलिखित रेखांकित शब्दों का पद परिचय दें**:-(3)**
1.उसने <u>विशाल</u> किला देखा।
2. बाहर <u>कौन</u> खड़ा है?
3. हमें सारी <u>बुराइयां</u> पर विजय प्राप्त करनी है।